प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया हुई पूरी, इस चरण में 20 नवंबर को डाले जायेंगे वोट।
- भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने राज्य की हेमंत सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप।
- कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने झारखंड में पिछले चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करने का किया दावा–कहा इंडिया ब्लॉक बड़े जनादेश से फिर बनायेगी सरकार।
- भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी अल्का तिवारी बनायी गयीं झारखंड की नयी मुख्य सचिव।

***************

झारखंड में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया आज पूरी हो गयी। इस चरण के लिए छह सौ चौंतीस उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। दूसरे चरण में अड़तीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा जबकि पहले चरण में 13 नवंबर को तैंतालीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। पहले चरण में नाम वापसी के बाद 683 उम्मीदवार मैदान में हैं।

इधर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के अबतक 24 मामले दर्ज किये गये हैं।

***************

झारखंड में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने राज्य की हेमंत सरकार पर वोट बैंक बनाने के नाम पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। श्री सरमा आज कोडरमा में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर नीरा यादव के समर्थन में मरकच्चो में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। श्री सरमा ने कहा कि यदि झारखंड में झामुमो की सरकार दोबारा सत्ता में आती है तो यहां कोई भी समाज सुरक्षित नहीं रहेगा।

इस मौके पर भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी राज्यसरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं।

***************

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आज रांची में कहा कि झारखंड में कांग्रेस–झामुमो–राजद गठबंधन की सरकार अच्छा काम कर रही है। झारखंड की जनता इंडी गठबंधन को पूर्ण बहुमत से विजयी बनायेगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का प्रदर्शन पिछली बार से और बेहतर होगा। इस बार इंडिया ब्लॉक को और बड़ा जनादेश मिलेगा।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव आयोग से आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को सरकारी कर्मियों और पुलिसकर्मियों की पूजा में घर जाने के लिए छुट्टी स्वीकृत करने का आदेश देने का आग्रह किया है।

इधर झारखंड चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड आने पर पदाधिकारी और जनता खुश होती है।

***************

आज से हम शुरु कर रहे हैं झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला। आज बात होगी रांची जिले के उन विधानसभा क्षेत्रों की जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट—

***************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची सांसद संजय सेठ ने दावा किया है कि रांची संसदीय क्षेत्र में एनडीए भारी मतों से जीत दर्ज करेगा। सांसद श्री सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नामांकन में उम्र संबंधी जानकारी में फेर बदल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हेमंत सोरेन ने पहले राज्य की जनता को ठगा, अब वह चुनाव आयोग को भी ठगने का प्रयास कर रहे हैं। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इस मामले में चुनाव आयोग को कदम उठाना चाहिए।

***************

खूंटी जिले में स्वीप कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी संवाददाता—

***************

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी अलका तिवारी को झारखंड का नया मुख्य सचिव बनाया है। इस सबंध में कार्मिक, विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि उनके पदस्थापन में चुनाव आयोग की सहमति ली गयी है।

***************

मौसम विभाग ने तीन से पांच नवंबर के बीच राज्य के कुछ स्थानों पर आंशिक बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। विभाग ने जारी रिपोर्ट में कहा है कि मौसम में विशेष बदलाव रांची जिले के दक्षिण—पूर्वी हिस्से और आस—पास के जिलों में देखने को मिल सकता है। इन इलाकों में वज्रपात और हल्की बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि छठ पर्व के दौरान लोगों को ठंड महसूस होगी।

******समाप्त********